

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक104 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 29 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## विश्वास सारंग के जन्मदिन पर पूर्व नपा अध्यक्ष करेंगे कार्यक्रम

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश सरकार



के युवा लोकप्रिय विधायक एवं डॉ. मोहन यादव के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलास सारंग के जन्मदिन को सिवनी जिले के युवा नेता राजेश त्रिवेदी द्वारा अपने मित्रों के साथ मनाया जायेगा और श्री सारंग के जन्मदिन पर गरीब छात्रों को पठन पाठन सामग्री और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये जायेंगे । यहाँ बता दें कि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग की विश्वसनीय टीम के सदस्य है और उनके कट्टर समर्थक है । जिला युवा मोर्चा के कार्यकाल में श्री सारंग उनके प्रदेश अध्यक्ष हुआ करते थे । विश्वास सारंग के जन्मदिन पर प्रतिवर्ष उनके मंगलमय जीवन की कामना के लिये श्री त्रिवेदी अनेक कार्यक्रम आयोजित करते है । शुक्रवार 29 दिसंबर दोपहर 3:00 बजे श्री सारंग के जन्म दिन पर पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी गरीब छात्रों को कापी पुस्तक और जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल वितरण कर श्री सारंग के मंगलमय और उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करेंगे । श्री सारंग के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया जायेगा ।

## मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ गणतंत्रत दिवस दल के कंटिजेंट कैडेटस दिल्ली रवाना


भोपाल । मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय की आरडीसी टुकड़ी गणतंत्रत दिवस शिविर के लिए रवाना हुई। गणतंत्रत दिवस शिविर दल में शामिल 128 कैडेट 27 दिसंबर को नई दिल्ली के लिये रवाना हुई। दल यहाँ एक महीने तक चलने वाले आरडीसी शिविर में विभिन्न राष्ट्रीय एनसीसी स्तर की प्रतियोगिताओं में अन्य 16 राज्य निदेशालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और प्रधानमंत्री रैली में भी भाग लेंगे। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल अजय कुमार महाजन और निदेशालय के स्टाफ अधिकारियो की गहन निगरानी में दल का चयन और प्रशिक्षण हुआ। उन्होंने आरडीसी कटिजेंट टुकड़ी को शुभकामनाएं दी

## जबरन नॉलेज




# आठ किलो गाँजा तस्करी करने वाले तीन युवको को पुलिस ने दबोचा

सिवनी यशोः- कोतवाली पुलिस ने एक ही दिन में गांजा तस्करी के दो मामलों में आरोपियों के पास से आठ किलों गांजा बरामद कर तीन व्यक्तियों को पर मामला पंजीबद्ध किया है । पुलिस कोतवाली से जारी प्रेस नोट के अनुसार सिवन जिला पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा, के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करो पर कार्यवाही करने हेतु सतत मर्गदर्शन प्राप्त हो रहा था जो थाना कोतवाली प्रभारी व्दारा थाना स्तर पर टीम गठित कर मुखबिर लगाकर गांजा तस्करो एवं बेचने वालो के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया । दिनांक 27/12/23 को विश्वसनीय मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि दो अलग-अलग रास्तो से गांजा तस्करी होने वाली है जो थाना प्रभारी व्दारा थाना स्तर पर टीम गठित कर वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना से अवगत कराकर कि पलारी तरफ से मरझोर रोड सिवनी गांजा तस्करी होने वाली है जो बताये मुखबिर के अनुसार बाईक पर आ रहा व्यक्ति को रोककर घेराबंदी कर विधिवत तलासी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा तीन किलो राजा बघेल से मिला जिसकी विधिवत कार्यवाही की गई। इसी तारत य में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नागपुर रोड से सिवनी भी गांजा आने वाला है जो बताये मुखबिर के हुलिये अनुसार नागपुर रोड थोक सब्जी मंडी के आगे जोडा फुल के पास एक पल्सर बाईक से आ रहे दो व्यक्तियो को रोका जिनका विधिवत तलासी लेने पर अवैध मादक पदार्थ गांजा पांच किलो अजय उर्फ अज्जू कोष्ठा एवं अंकित मिश्रा से मिला जिसकी विधिवत कार्यवाही की गई ।



अपराध क्रमांक - 1104/23 धारा 8/20 एनडीपीएसऐ ट

आरोपी - राजा बघेल पिता रघुनाथ बघेल उम्र 47 साल निवासी ग्राम पलारी थाना लखनवाडा, जप्ती - 03 किलो गांजा एक पेशन मोटर सायकिल एवं मोबाईल फोन (कुल मशरूका एक लाख पचास हजार) जप्त किये गये ।

इसी प्रकार दूसरे मामले में अपराध क्रमांक नाम आरोपी- 1106/23 धारा 8/20 एनडीपीएस ऐ ट, के तहत दो आरोपियो (01) अजय उर्फ अज्जू पिता रमेश कोष्ठा उम्र 22 साल निवासी आजाद वार्ड सिवनी (02) अंकित पिता मायाराम मिश्रा उम्र 26 साल निवासी कवाडे के पीछे टपरा मोहल्ला भगतसिह वार्ड सिवनी । 05 किलो गांजा एक पल्सर मोटर सायकल एवं मोबाईल फोन (कुल मशरूका एक लाख पचहत्तर हजार)जप्त किया गया है ।

गांजा तस्करी के इस मामले में पुलिस विभाग के - निरीक्षक सतीश तिवारी,उनि राहुल काकोडिया, सउनि विश्वरंजन रघुवंशी, प्र. आर आत्माराम सोनियार आर.नितेश राजपूत, आर, अमित रघुवंशी, आर.सतीश इनवती अभिषेक डहेरिया, महेन्द्र पटेल शिवम बघेल, इरफान खान, सिध्दार्थ दुबे मनोज हरिनखेडे, अरविंद मंडराह, अंकित देशमुख की भूमिका सराहनीय रही ।






## नगर परिषद छपारा ने चिकन मटन की दुकानो पर चालानी कार्यवाही,साथ ही दुकानदारों को दी समझाइश

छपारा यशोः - प्रदेश के नवागत मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी पहली ही केबिनेट बैठक लेकर बड़े निर्णय लिए जिसमे एक निर्णय अवैध मांस-मछली क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध का अभियान भी बड़ा निर्णय है। खुले में बिक रहे मांस और मछली को लेकर मु यमंत्री ने आदेश दिए जिसके बाद छपारा नगर परिषद व खाद्य अधिकारी महेंद्र परते के नेतृत्व मे टीम ने खुले में बिक्री कर रहे व्यापारियों पर चालानी कार्यवाही की गई । नगर परिषद दवारा चिक्रन मटन की दुकानो पर चालानी कार्यवाही की साथ ही शासन के नियमानुसार व्यवसाय करने की समझाइश दी.



जानकारी के अनुसार गुरूवार को मछली मटन व चिकन दुकानों का नगर परिषद छपारा के निरिक्षण दल और खाद्य विभाग अधिकारी के द्वारा दुकानों का औचक निरिक्षण किया गया और खुले मे बिक रहे मांस मछली की दुकानों मे चलानी कर्रवाई की गई, जिसमे चार दुकानों पर 1400रु का चालान किया गया. उपस्थित दल मे महेंद्र परते खाद्य अधिकारी, छपारा नगर परिषद कर्मचारी हरिनन्दन सिंह सिसोदिया, दीपक पाठक व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल ने जल संरक्षण को लेकर किए गए कार्यों का अवलोकन किया, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

सिवनी यशोः- जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल के जिले के तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिवस गुरूवार 28 दिस बर 23 को दल के ज्वाईट सेकेटरी संस्कृति मंत्रालय भारत शासन नई दिल्ली श्री गुरूमीत सिंह चावला की अध्यक्षता में कले ट्रेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रभारी कले टर एवं सीईओ जिला पंचायत सिवनी श्री पवार नवजीवन विजय सहित अन्य संबंधित विभागाधिकारियों की उपस्थिति रही।



बैठक में जल शक्ति अभियान केन्द्रीय दल द्वारा जिला पंचायत, वन विभाग, पीएचई, जल संसाधन विभाग यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग एवं जल जीवन मिशन टीम द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर किए गए विभिन्न कार्यो के निरीक्षण उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। अपने तीन दिवसीय प्रवास के दौरान दल द्वारा बबरिया तालाब, मठ तालाब, बुधवारी तालाब, भीमगढ़ जलाशय, ग्राम सुआखेड़ा स्थित फिल्टर प्लांट, कोड़ियामाल स्टॉप डेम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवरों एवं प्लांटेशन कार्यो का अवलोकन किया गया।

ज्वाईट सेक्रेटरी श्री चावला ने जल संवर्धन को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की। उन्होंने वर्षा जल का तालाबों के माध्यम से उचित प्रबंधन कर स्टोर करने एवं जल का सिंचाई एवं अन्य कार्यों में उपयोग करने की बात कही। इसी तरह सभी अमृत सरोवरों के आस-पास वृक्षारोपण करने, लॉन लगाने, सौंदर्यीकरण करने, साफ-सफाई एवं स पूर्ण सरोवर क्षेत्र को फेंसिंग कर सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।


# एमपीपीएससी में सफलता : सतना की बेटी प्रथम तो सिवनी की दूसरे नंबर पर

### डिप्टी कले टर टॉप-10 उ मीदवार

प्रिया पाठक
शिवांगी बघेल
पूजा सोनी
राहुल कुमार पटेल
निधि मिश्रा
हरनीत कौर कलसी
सौरभ मिश्रा
सलोनी अग्रवाल
रीतिका पाटीदार
आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर

### एमपीपीएससी में सिवनी की शिवांगी बघेल को दूसरा स्थान

सिवनी यशोः- सिवनी के मलारा गांव की निवासी शिवांगी बघेल एम पी पी एस सी में दूसरा स्थान बनाया है जबकि प्रथम स्थान पर सतना की प्रिया पाठक रही है । मलारा की शिवांगी बघेल एम पी पी एस सी में दूसरा स्थान पहले ही प्रयास में बनाया है शिवांगी के पिता पीडब्ल्यूडी में प्रमुख अभियंता पद पर भोपाल में पदस्थ हैं। वो परिवार के साथ भोपाल में ही रहती हैं। परिवार वालों ने बताया कि शिवांगी स्कूल के समय से ही होनहार छात्रा रही हैं। शिवांगी की पढाई जबलपुर में हुई उन्होने जयपुर से एमबीए किया है, इसके बाद हैदराबाद में एक महीने नौकरी की और फिर नौकरी छोड़कर पीएससी की तैयारी शुरू की। पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है। इनका चयन डिप्टी कले टर के लिये हुआ है । शिवांगी स्कूल के समय से ही होनहार छात्रा रही हैं।



### डीएसपी पद - टॉप-10 टॉपर

रुचि जैन
ललित बैरागी
हर्ष राठौर
प्रतिमा जैन
आनंद कुमार राय
ज्योति लिलहारे
शिवा पाठक
सैफ हाशमी
मासूम पटेल
आशुतोष त्यागी

भोपाल यशोः- मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने ( ) एमपीपीएससी 2019 परीक्षा के अंतिम परिणाम और चयन सूची जारी कर दी है। सतना जिले की प्रिया पाठक ने टॉप कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रिया का चयन डिप्टी कले टर के पद के लिए हुआ है। दूसरे पर सिवनी की शिवांगी बघेल और तीसरे नंबर पर पन्ना की पूजा सोनी हैं। टॉप 10 सफल उ मीदवारों में सात बेटियों ने जगह बनाई है। मंगलवार देर रात परिणाम घोषित किए गए।

#### नागौद की प्रिया के पिता शिक्षक हैं

सतना के नागौद प्रिया पाठक ने एमपीपीएससी में टॉप कर जिले का नाम रोशन किया है। प्रिया के पिता कृष्ण शरण पाठक सरकारी प्राथमिक शाला खमरेही में शिक्षक हैं। प्रिया का चयन डिप्टी कले टर के पद के लिए हुआ है। प्रिया लगातार एमपीपीएससी की तैयारी कर रही थी। इस मेहनत के बाद उसे सफलता मिली। लगातार एमपीपीएससी की तैयारी में जुटी थीं प्रिया, इसलिए मिली सफलता।

#### शिवांगी बघेल को पहले ही प्रयास में मिली सफलता

सिवनी के मलारा गांव की शिवांगी बघेल ने स्कूली पढ़ाई जबलपुर से की। पिता पीडब्ल्यूडी में प्रमुख अभियंता पद पर भोपाल में पदस्थ हैं। वो परिवार के साथ भोपाल में ही रहती हैं। परिवार वालों ने बताया कि शिवांगी स्कूल के समय से ही होनहार छात्रा रही हैं। शिवांगी ने जयपुर से एमबीए किया है, इसके बाद हैदराबाद में एक महीने नौकरी की और फिर नौकरी छोड़कर पीएससी की तैयारी शुरू की। पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है।

#### पूजा का सपना-महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम करना

पन्ना के देवेंद्र नगर की पूजा सोनी ने तीसरी रैंक हासिल की है। उनका चयन डिप्टी कले टर के पद के लिए हुआ है। पूजा अभी हैदराबाद में आईपीएस की ट्रेनिंग ले रही हैं। पूजा ने ग्रेजुएशन जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से 2018 में किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों को दिया। पूजा का सपना है कि वे महिला सशक्तिकरण और महिला उत्थान के क्षेत्र में काम करें।

पूजा का डिप्टी कले टर के पद पर चयन हुआ है। वे हैदराबाद में आईपीएस की ट्रेनिंग ले रही हैं।

#### रामपुर की वीणा ने भी मारी बाजी

सतना के रामपुर बाघेलान से सटे तपा गांव की वीणा पयासी आबकारी उपनिरीक्षक पद पर चयनित हुई हैं। उनकी कामयाबी ने गांव का नाम रोशन किया है। इससे पहले भी वीणा पयासी के भाई कृष्णम पयासी एमपी पीएससी परीक्षा उत्तीण कर चुके हैं। वे रेंजर पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वीणा पयासी के पिता रघुवंश भूषण पयासी शिक्षक हैं। बड़े भाई हरि ओम पयासी सीआरपीएफ में सेवाएं दे रहे हैं।

रामपुर बाघेलान की वीणा पयासी का आबकारी उपनिरीक्षक पद पर हुआ चयन।

#### रीवा की शैलजा ने सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया

रीवा की शैलजा सिंह का चयन असिस्टेंट डायरे टर उद्योग प्रबंधन के पद पर हुआ है। शैलजा की सफलता ने जिले को गौरवान्वित किया है। शैलजा पलिया 352 गांव की रहने वाली हैं। शैलजा की मां शिक्षिका और पिता पूर्व सरपंच रह चुके हैं। शैलजा ने अपने सफलता का श्रेय माता-पिता को दिया।

रीवा की शैलजा सिंह का चयन असिस्टेंट डायरे टर उद्योग प्रबंधन के पद पर हुआ है।

#### 472 पदों के लिए जारी की चयनित अ यर्थियों की सूची जारी

मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) ने रातों-रात परिणाम जारी कर अ यर्थियों का चौंका दिया। कुल 571 पदों के लिए राज्यसेवा-2019 घोषित हुई थी। परिणाम में इन पदों के मुकाबले सिर्फ 87 प्रतिशत पदों के लिए परिणाम और चयन सूची घोषित की गई है। इस तरह पीएससी ने सिर्फ 472 पदों के लिए चयनित अ यर्थियों की सूची जारी की है।

#### 13 प्रतिशत पदों की सूची कोर्ट के फैसले के बाद होगी घोषित

बता दें कि सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का मुकदमा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में लंबित होने के कारण फिलहाल इनमें से 87 फीसदी पदों का चयन परिणाम घोषित किया गया है। बचे 13 प्रतिशत पदों की चयन सूची अदालत के अंतिम फैसले के बाद घोषित की जाएगी। कुल 24 डिप्टी कले टर, 19 डीएसपी, 17 कोषालय अधिकारी समेत वाणिज्यिककर अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला पंजीयक जैसे पदों के लिए चयन सूची घोषित की गई है।

# मनरेगा के अंतर्गत प्रदेश में मजदूरी दर बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे - मु यमंत्री डॉ. यादव

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा**

**मु यमंत्री डॉ यादव ने की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा**

भोपाल। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मनरेगा के अंतर्गत प्रदेश में मजदूरी दर बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। वर्तमान में मध्यप्रदेश की मजदूरी दर 221 रुपए है, जिसे बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र भेजा गया है। मु यमंत्री डॉ यादव मंत्रालय में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा, अपर मु य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मलय श्रीवास्तव, मु यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अमृत सरोवरों के लंबित कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। प्रदेश में 38 लाख लक्ष्य के विरुद्ध 35 लाख 60 हजार प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास पूर्ण किए गए हैं। शेष आवासों को भी शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से प्रदेश में एक लाख 10 हजार शालाओं के लगभग 45 लाख विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

मु यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सड़कों की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। योजना के कार्यों में लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्यों को कार्य योजना बनाकर पूरा किया जाए। प्रदेश में सभी ग्रामों, मजरे-टोलों तक सड़कें पहुँचाने के लिए विभिन्न निर्माण विभागों से भी समन्वय बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि मु यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना का लाभ पात्रतानुसार प्रदान किया जाए। कोई भी पात्र वंचित नहीं रहे। मु यमंत्री डॉ यादव ने स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों सहित विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में अमृत सरोवर, पुष्कर धरोहर तथा कैच द रेन कार्यों से 2021-22 से अभी तक लगभग 23 करोड़ घन मीटर जल भराव क्षमता विकसित हुई है।

# वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वृद्ध बाघिन टी-40 का स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर बनी हुई

भोपाल ।वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में कान्हा टाईगर रिजर्व मंडला से अतिवृद्ध बाघिन टी-40 उपचार के लिए लाई गई थी, जिसे वन विहार स्थित रेस्‍ यू सेंटर में रखा गया है। वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता, द्वारा किये गये हेमोटोलॉजिकल एवं सीरोलॉजिक परीक्षण में पाया गया कि बाघिन के गुर्दे ठीक तरह से कार्य नहीं कर रहे हैं।

वृद्ध बाघिन टी-40 डॉ. काजल जाधव, सहायक प्राध्यापक राज्य वन्यप्राणी फॉरेंसिक हैल्थ जबलपुर एवं डॉ. राजेश तोमर वन्यप्राणी चिकित्सक मुकुंदपुर जू से परामर्श अनुसार उक्त बाघिन का सतत् उपचार किया जा रहा है। संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ने बताया कि 27 दिस बर को वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. अतुल गुप्ता द्वारा उक्त बाघिन टी-40 का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनकी रिपोर्ट अनुसार बाघिन ने 16 दिस बर से भोजन लेना बंद कर दिया है। अधिक उम्र के कारण सतत् उपचार के बाद भी बाघिन के स्वास्थ्य में वांछित सुधार नहीं हो रहा है। वर्तमान में बाघिन की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बाघिन की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखकर इसका समुचित उपचार किया जा रहा है।

## तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रूपये प्रति बोरा हुई

### 35 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहकों को होगा लाभ

भोपाल । प्रदेश में अब तेन्दूपत्ता संग्रहण दर बढ़ाकर 4 हजार रूपये प्रति मानक बोरा तय की गई है। इस संबंध में वन विभाग ने आदेश जारी कर दिये है।

राज्य सरकार के इस निर्णय से वर्ष 2024 के संग्रहण वर्ष में प्रदेश के करीब 35 लाख तेन्दूपत्ता संग्राहकों को आर्थिक लाभ होगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पिछले वर्ष के मुकाबले अब 162 करोड़ रूपये का अतिरिक्त पारिश्रमिक मिलेगा। प्रदेश में तेन्दूपत्ता संग्रहण और व्यापार का कार्य मध्यप्रदेश लघु वनोपज संघ के माध्यम से किया जाता है।

राज्य में प्रतिवर्ष करीब 16 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण कार्य किया जाता है। तेन्दूपत्ता संग्रहण के माध्यम से प्रतिवर्ष मई और जून माह में वन क्षेत्र के पास रहने वाले ग्रामीणों को रोजगार की सुविधा मिलती है। मध्यप्रदेश में तेन्दूपत्ता संग्रहण की वर्ष 2017 में पारिश्रमिक दर 1250 रूपये प्रति मानक बोरा थी। राज्य सरकार ने इस दर में समय-समय पर वृद्धि की। राज्य सरकार की इस निर्णय से अब तेन्दूपत्ता संग्राहकों को बढ़ी हुई दर से 4000 रूपये प्रति मानक बोरा पारिश्रमिक मिलेगा।

# विकास और कानून व्यवस्था में प्रदेश बने मिसाल- मु यमंत्री डॉ. यादव

**इंदौर, उज्जैन के बाद ग्वालियर के मिल श्रमिकों को भी मिलेगा लाभ**

**मु यमंत्री ने संभागों के प्रभारी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से की चर्चा**



भोपाल । मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संभाग स्तर पर जनता के कल्याण और योजनाओं के क्रियान्वयन को बेहतर बनाने राज्य स्तर से वरिष्ठ अधिकारियों को मॉनीटरिंग का दायित्व सौंपा गया है। प्रशासनिक कसावट के साथ लोगों को सरलता से सेवाएं प्राप्त होंगी और इससे विभिन्न कठिनाइयां दूर होंगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने मु यालय के साथ ही फील्ड में भी पर्याप्त समय दें, आवश्यकतानुसार रात्रि विश्राम कर जनता की समस्याएं समझते हुए निराकरण की प्रभावी कार्रवाई करें। उज्जैन की विनोद मिल और इंदौर की हुकुमचंद मिल के श्रमिकों को देनदारी की राशि दी गई है। इसी तरह ग्वालियर की जेसी मिल के श्रमिकों को भी यह लाभ दिलाने के लिए रोडमैप बनाएं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को कहा कि ऐसा कार्य होना चाहिए जिससे प्रदेश की विकास और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में मिसाल दी जा सके। आगामी 20 - 25 वर्ष की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाएं और लागू करें।

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आमजन से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय पर निराकरण हो, अधिकारियों-कर्मचारियों के रात्रि विश्राम के निर्धारित शेड्यूल का भी पालन हो। नगर से ग्राम तक नागरिकों को सरलता से सेवाएं दिलाने का कार्य होना चाहिए। जिलों में कले टर और कमिश्नर के साथ वरिष्ठ अधिकारी मॉनीटरिंग करेंगे तो कार्य बेहतर होगा, यह वरिष्ठ अधिकारी सेतु की भूमिका निभाएंगे। समन्वय के साथ पारदर्शितापूर्वक शासन की योजनाओं को लागू करने में मदद मिलेगी। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अधिकारी आकस्मिक दौरे भी करेंगे, तो जनता को अच्छी सेवाएं मिलेंगी। मु यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय सभाकक्ष में एक बैठक में संभागों के प्रभारी सभी अपर मु य सचिवों और सभी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों से चर्चा में यह बातें कही। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने मु यमंत्री की अध्यक्षता में संभाग स्तर पर विकास कार्यों की समीक्षा के पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को संभागवार दायित्व सौंपे हैं। इससे अपर मु य सचिव स्तर के अधिकारी प्रभावी अनुश्रवण और पर्यवेक्षण का कार्य सुनिश्चित कर सकेंगे। जिलों में राज्य स्तर के विषयों का विभिन्न विभागों के समन्वय से निराकरण हो सकेगा। इस व्यवस्था में अपर मु य सचिव द्वारा दो माह में कम से कम एक बार संभाग के जिलों का भ्रमण कर प्रतिमाह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जिलों के लिए चिन्हित प्रमुख योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा के साथ ही मु यमंत्री की संभागीय बैठकों में भी अपर मु य सचिव उपस्थित रहेंगे। इसी तरह संभागों में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारियों को कानून व्यवस्था और पुलिस के कार्यों की समीक्षा का दायित्व सौंपा गया है।

**धार्मिक प्रतिमाएं और अन्य कलात्मक सामग्री स्थानीय तौर पर निर्मित हो**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और आध्यात्मिक स्थानों पर मूर्तियों के विक्रय और भगवान जी के वस्त्रों के विक्रय का कार्य होता है, यह सामग्री अन्य प्रांतों से आती है। स्थानीय लोगों को रोजगार देने और स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए कला शिविर लगाकर ऐसी सामग्री के निर्माण में दक्ष बनाया जाएं। लघु उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाएं। इससे स्थानीय लोगों की भी आय वृद्धि होगी और विविध वस्तुओं की उपलब्धता से धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा।

**देश के प्र यात धर्म-स्थलों की व्यवस्थाओं का करें अध्ययन**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तिरूपति बालाजी की तर्ज पर उज्जैन में भी ट्रैफिक व्यवस्था के लिए कदम उठाएं जाएं। श्रद्धालुओं को आने-जाने में असुविधा न हो। यात्रियों का समय जाया न हो और वे आसानी से कम समय में दर्शन कर अन्य स्थान के लिए रवाना हो सके, ऐसी व्यवस्था विकसित की जाएं। मु यमंत्री ने कहा कि संक्रांति, सावन, माघ आदि के अवसर पर बुजुर्ग यात्री कुछ दिन विश्राम कर सकें, इसके लिए धर्म स्थलों के नजदीक आश्रम एवं अन्य आवासीय व्यवस्था की जाएं।

**कृषि के साथ पशुपालन और अन्य गतिविधियों के लिए सहयोग करें**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को कृषि कार्य के साथ ही पशुपालन के लिए भी आवश्यक सहयोग दिया जाएं। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उनकी आय वृद्धि के प्रयास हों। गुजरात जैसे राज्यों में ग्रामोद्योग के सफल प्रयोग हुए हैं, इन्हें मध्यप्रदेश में भी लागू किया जाए।

**इंदौर में ही तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर अंकुश के लिए 12 हजार कार्यवाहियां**

बैठक में बताया गया कि गत सप्ताह राज्य शासन द्वारा निर्धारित मापदंड से तेज आवाज वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर अंकुश के लिए निर्देश दिए गए थे, इसके परिपालन में अकेले इंदौर में 12 हजार कार्यवाहियां की गई हैं। इसी तरह आदतन अपराधियों के विरूद्ध स ती बरती जा रही है। करीब एक हजार प्रकरण चिन्हित किए गए हैं। इनसे संबंधित प्रक्रियात्मक कार्यवाही चल रही है। इंदौर और उज्जैन में होमगार्ड जवानों को पुलिस बैंड प्रशिक्षण की पहल हुई है। यातायात व्यवस्था में सुधार की पहल भी की गई है। युवाओं द्वारा नशीले पदार्थों के उपयोग के नुकसान बताने के लिए आवश्यक जागरूकता अभियान के लिए सामाजिक न्याय विभाग के समन्वय से प्रयास किए जाएंगे। रिक्त पदों की पूर्ति के लिए भी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

बैठक में मु य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक श्री एस.के. स सेना, मु यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री राघवेन्द्र सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विभागों के अपर मु य सचिव ने संभागों में किए गए भ्रमण और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, संभागों में ली गई अधिकारियों की बैठकों का ब्यौरा दिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों ने भी संभागीय बैठकों का विवरण दिया।

## प्रमुख निर्देश

*जनहित से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता रहे। वरिष्ठ अधिकारी निरंतर समीक्षा करें।

*सरकार की योजनाओं का सुदृढ़ क्रियान्वयन हो।

*योजनाओं की सतत मानीटरिंग की जाए।

*सभी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रहे।

*पटवारी और अन्य कर्मचारी रात्रि विश्राम कर ग्रामों की समस्याएं हल करें। अधिकारी-कर्मचारी जनता को आवश्यक सेवाएं देने के लिए अपने मु यालय और मैदान स्तर पर सक्रिय रहें।

*शहरों में यातायात प्रबंध सुगम बनाएं। रेल सुविधाएं बढ़ाने पर भी अध्ययन कर सुझाव दें। केन्द्रीय रेल मंत्री को आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएंगे।

*मिलों के श्रमिकों को राहत देने का कार्य उज्जैन, इंदौर में हुआ है। ग्वालियर की जेसी मिल के श्रमिकों को भी लाभान्वित करें।

*प्रशासनिक कसावट पर ध्यान दिया जाएं।

*पुलिस कर्मियों की आवास व्यवस्था बेहतर बनाएं।

*मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के साथ समस्याएं प्रतिदिन हल की जाएं।

*वीआईपी दौरे के समय आम जनता को कष्ट न हो।

*मध्यप्रदेश को विकास और कानून व्यवस्था में मिसाल के रूप में स्थापित करें।

# एमपी में खंडवा के गैस गोदाम में लगी भीषण आग, लगातार ब्लास्ट होने से दहल उठा क्षेत्र

खंडवा। मध्य प्रदेश के खंडवा में शहरी क्षेत्र में बनाए गए घरेलू गैस के एक अवैद्ध गोदाम में देर शाम आग लग गई। आग लगने के बाद गोदाम में रखी गैस की टंकियों में धीरे-धीरे विस्फोट होने लगे।

हालांकि समय रहते आसपास के घरों को क्षेत्र वासियों के सहयोग से खाली करा लिया गया था। वहीं जिला प्रशासन और फायर फाइटर टीम स्थिति को नियंत्रित करने लग गई। करीब 7¬45 पर लगी आग को देर रात 12 बजे तक बुझाया जा सका। प्रशासन ने जेसीबी की सहायता से आग लगने वाले गोदाम सहित साइड के मकान के आगले हिस्से को ढहा दिया। तब जाकर फायरफाइटर की टीम ने अंदर लगी भीषण आग पर काबू पाया। बता दें कि इस अग्निकांड में सात लोगों के घायल होने की खबर है, जिनमें से दो गंभीर घायलों को इंदौर रेफर किया गया है। फिलहाल प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र की बिजली काट दी है। वहीं, मलबे से गैस की टंकियों को बाहर निकाला जा रहा है।

खंडवा शहर के घासपुरा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 में बने गैस के एक अवैद्ध गोदाम में बुधवार देर शाम भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि यहां अवैध रूप से बड़ी मात्रा में गैस की टंकियों को स्टोर करके रखा जाता था। उन्हें ऊंची कीमत पर ब्लैक करके बेचा जाता था। वहीं दूसरे सिलेंडर में भी इन्हें खाली किया जाता था।

जानकारी के अनुसार दूसरे सिलेंडर में गैस रिफिल करने के दौरान ही एक सिलेंडर में आग लग गई, जिसके बाद अफरा तफरी मच गई और आग बुझाने की कोशिशें की जाने लगीं। इस दौरान आग बढ़ती देख आसपास के रहवासियों ने क्षेत्र को खाली करवाने में सहयोग किया। वहीं इसी बीच गोदाम में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट होने लगा, जिससे आग और फैलती चली गई।

**करीब 40 से अधिक सिलेंडर हुए ब्लास्ट**

जानकारी के अनुसार गैस के इस अवैद्ध गोदाम में 100 से अधिक सिलेंडर अवैध रूप से रखे हुए थे, जिनमें से करीब 40 से अधिक सिलेंडरों में आग लगने के दौरान ब्लास्ट हो गया। हर एक ब्लास्ट के साथ आग और भीषण होती गई, साथ ही इसकी आवाज से पूरा क्षेत्र थर्रा गया। गैस के इस अवैध गोदाम में लगी इस भीषण आग से आसपास के घर भी चपेट में आ गए और दोनों ओर के घर जलने लगे। इसी बीच पुलिस प्रशासन सहित फायरफाइटर की टीम लोगों की जान माल की सुरक्षा की खातिर व्यवस्था बनते दिखाई दी।

**पांच फायरफाइटरों ने रात 12 तक बुझाई आग**

बता दें कि यह भीषण आग देर शाम करीब 7¬45 पर लगी थी, इसके बाद लगातार विकराल होती इस आग पर दो घंटे से अधिक की मेहनत के बाद रात 12 बजे तक काबू पाया जा सका। जिसे बुझाने के लिए पांच फायरफाइटर सहित नगर निगम के टैंकर बुलाने पड़े। बावजूद इसके लगभग 2 घंटे तक आग भीषण रूप से जलती रही। वहीं इस दौरान लगातार गोदाम में रखे सिलेंडर ब्लास्ट होते रहे। इसके बाद पास ही के सिंगाजी थर्मल पावर प्लांट से फोम वाला पानी मिला वाहन लेकर फायरफाइटर का दल घटनास्थल पर पहुंचा। इसके बाद कड़ी मशक्कत के चलते आग पर काबू पाया जा सका।

**सात घायलों में से दो गंभीर, इंदौर रेफर**

मेरी जानकारी के अनुसार इस अग्निकांड में कल सात लोग घायल हुए थे, जिनमें से दो गंभीर घायलों को फिलहाल इंदौर के एम ए अस्पताल में रेफर किया गया है। घायल होने वालों में राजेश पवार 46 वर्ष, माधुरी पति राजेश पवार 40 वर्ष, रोशन पिता राजेश पवार 15 वर्ष, दीपक पिता राजेश पवार 22 वर्ष ये सभी घासपुरा निवासी हैं। तो वहीं भानु पिता संजय भांवरे निवासी टपाल चला 16 वर्ष, हर्षल भगत निवासी बड़ा कब्रिस्तान 16 वर्ष, सतीष विश्वकर्मा निवासी शिवना हाल निवासी सलूजा कॉलोनी 32 वर्ष है।

**कोतवाली थाना प्रभारी ने सूझबूझ से संभाली व्यवस्था**

स्थानीय लोगों के आरोप है कि देर शाम करीब 7¬45 पर लगी आग के लगभग आधे घंटे तक आसपास के रहवासियों ने लगातार फायरफाइटर को कॉल किया, लेकिन फायरफाइटर टीम समय पर नहीं पहुंच सकी। इसके चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

**कई बार हो चुकी थी इस अवैध गोदाम की शिकायत**

स्थानीय पार्षद असलम खोकर का कहना है कि राजेश पवार नाम के व्यक्ति के घर में यह घटना हुई है। यह व्यक्ति डिलीवरी ब्वॉय है और लगभग सभी कंपनियों की गैस की टंकियां सप्लाई करता है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह किसी कंपनी से अधिकृत था या नहीं। लेकिन स्थानीय लोग इसे किसी भी कंपनी से अधिकृत नहीं बताते हैं। यह हाकर अपने ही घर से गैस की टंकियां रिफिलिंग भी करता है। कई बार इसे समझाया गया, और कई बारिश की शिकायत भी प्रशासन से की गई, लेकिन उसके बावजूद इसने अपना अवैध कारोबार बंद नहीं किया था।

**खंडवा अग्निकांड की होगी जांच, लापरवाह अफसरों पर गिरेगी गाज- संभागायुक्त**

जिले में हुए भीषण अग्निकांड के बाद संभागायुक्त मालसिंह ने कले टर को मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मालसिंह ने जिला प्रशासन को सभी घायलों के बेहतर उपचार का प्रबंध करने के निर्देश दिए।

# इंजीनियर देश के विकास की रीढ़ हैं - उप मु यमंत्री शु ल

**उप मु यमंत्री ने किया तीन दिवसीय भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का शुभारंभ**

भोपाल। उप मु यमंत्री श्री राजेंद्र शु ल ने समाज में इंजीनियरों की भूमिका के बारे में बोलते हुए कहा कि इंजीनियरों के पास ज्ञान है, क्षमता है। वे समाज के हर वर्ग के लिए अपना योगदान देते हैं। इंजीनियर हमारे देश के विकास की रीढ़ हैं। मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ता राज्य है, जिसमें इंजीनियरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उप मु यमंत्री श्री शु ल ने आज इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) लोकल सेंटर, जबलपुर में तीन दिवसीय 38वीं भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस का उद्घाटन किया। "रिइमेजिनिंग टुमॉरोः "शेपिंग द यूचर थ्रू डिसरप्टिव एंड इंटरडिसिप्लिनरी टे नोलॉजीस÷ थीम पर आयोजित भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस में उप मु यमंत्री श्री शु ल ने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। इंजीनियरिंग कांग्रेस में प्रस्तुत रिसर्च पेपर्स का अध्ययन कर इनके शासन के लाभ हेतु उपयोग की व्यवस्था की जायेगी।

# देश की 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनाना मेरा सपना- प्रधानमंत्री मोदी

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देवास जिले की रूबीना बी से किया वर्चुअली संवाद**

**मु यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय वीसी से जुड़े**

**प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वीसी से हितग्राहियों से किया संवाद**

भोपाल । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं में से कम से कम 2 करोड़ दीदियों को लखपति बनना मेरा सपना है। गांव की महिला समृद्ध होगी तो देश समृद्ध बनेगा। देश की माताओं और बहनों का आत्मविश्वास ही देश को आत्मनिर्भर बनाने वाला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से मध्यप्रदेश में देवास जिले की श्रीमती रूबीना बी से वर्चुअली संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती रूबीना बी से उनके जीवन संघर्ष, शासकीय योजना से मिले लाभ और उपलब्धियों के बारे में बात की। मु यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में कार्यक्रम में वीसी से जुड़े।



प्रधानमंत्री श्री मोदी को श्रीमती रूबीना ने बताया कि वह वर्ष 2017 में आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ी। समूह में सबसे पहले उन्होंने ही 5 हजार का ऋण लिया और फेरी लगाकर कपड़े बेचने कार्य प्रार भ किया। कपड़े बेचने से आय बढ़ने लगी। उन्होंने इसके बाद समूह एवं बैंक से ऋण लेकर मारूती वेन खरीदी, जिससे गांव-गांव जाकर कपड़े एवं कटलरी का सामान बेचने लगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई तो उन्होंने बैंक से ऋण लेकर टवेरा गाड़ी खरीदी, जिससे उनके बेटे को भी रोजगार मिला। मारूती एवं टवेरा से फायदा होने पर रूबीना बी ने रेडिमेड कपड़े की दुकान देवास में खोली। रूबीना बी आज वे 20 से 25 हजार रुपए तक की आय अर्जित कर रही है। उनके पति बकरी पालन कार्य, बेटा टवेरा एवं वेन का संचालन और वे कपड़े की दुकान का संचालन करती है। साथ ही वे आजीविका मिशन में सीआरपी के रूप में भी कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती रूबीना के जीवन संघर्ष और निरंतर आगे बढ़ते रहने की भावना के लिए अभिनंदन किया। उन्होंने श्रीमती रूबीना को उनकी बेटियों को उच्च शिक्षा देने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। इससे इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को गांव-गांव के विकास का महोत्सव बनाएं, जिसके पास खुद का घर नही है, उसे घर मिले, जिसे गैस सिलेंडर नहीं मिला, उसे सिलेंडर मिले और जो किसी कारण स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह गया हो उसे आयुष्मान कार्ड मिले। इस तरह भारत शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति और परिवार को मिले। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उत्तराखंड, त्रिपुरा, राजस्थान और तमिलनाडु के हितग्राहियों से भी संवाद किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, पीएम किसान स मान निधि, पीएम जन धन योजना, पीएम विश्वकर्मा कौशल स मान योजना, आभा हेल्थ आईडी कार्ड, नमो ड्रोन दीदी योजना, एक जिला-एक उत्पाद और वोकल फॉर लोकल जैसी केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और अभियानों का लाभ विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हितग्राहियों को दिलाने का आह्वहन किया। उन्होंने कहा कि जो हकदार है उसे हक दिलाना एक पुण्य का कार्य है। सभी के प्रयासों से ही विकसित भारत का विराट संकल्प सिद्ध होगा। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने स्वागत उद्बोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के परिकल्पना, उद्देश्यों और वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रगति, प्रचार और उपलब्धि पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

# कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारणी भंग, नये सिरे से होगा गठन

भोपाल यशोः- मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कमलनाथ को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटा कर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने हारे हुए विधायक जीतू पटवारी को कांग्रेस पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है । कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष पद से कमलनाथ की छुट्टी करने के साथ ही प्रदेश के प्रभारी को बदल दिया है और नये प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को भोपाल पहुंचे और प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस ज़िला अध्यक्षों एवं ज़िला प्रभारियों की बैठक हुई। इस बैठक में जितेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, CWC सदस्य कमलेश्वर पटेल, CEC सदस्य ओमकार मरकाम, पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह जी उपनेता हेमंत कटारे सहित कई नेता शामिल हुए। इस बैठक में के प्रदेश के प्रभारी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकरणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया और कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने निर्णय लिया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों को भंग किया जाता है और जिले के प्रभारी व सह प्रभारी अग्रिम आदेश तक अपना काम करेंगे। इससे यह स्पष्ट हो गया कि जीतू पटवारी अपनी नई टीम बनायेंगे । इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि वर्तमान दौर संघर्ष और चुनौती भरा है, लेकिन असंभव कुछ नहीं है। हम समर्पण भाव से "मैं नहीं हम" को सर्वोपरि मानकर एकजुटता के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस की लंबी चली बैठक में पांच संकल्प लिये और उस संकल्प के आधार पर हम सभी मिलकर योजना अनुसार कांग्रेस को मजबूत करेंगे ।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मै नहीं हम के आधार पर काम कर पार्टी को मजबूत करने की बात कह कर इशरों इशरों में यह कह दिया कि पार्टी अभी तक मैं के आधार पर चल रही थी और कमलनाथ जी किसी की सुनते नहीं थे ।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी की प्रदेश की कांग्रेस कार्यकारणी को भंग नये सिरे से बनाने का एलान कर दिया है इसका सीधा मतलब है कि जीतू पटवारी प्रदेश की नई कार्यकारणी सहित जिलों की नई कार्यकारणी का नये सिरे से गठन करेंगे ।

**मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी का नया मूल मंत्र**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्रेस को जारी सूचना में दावा किया गया है कि, प्रदेश अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी संगठन को 5 मूल मंत्र (संकल्प, समन्वय, सक्रियता, संघर्ष से सफलता) दिया है। श्री पटवारी ने आज, कांग्रेस विधायकों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों, संगठन मंत्रियों की बैठक में वरिष्ठ नेताओं से किया संवाद, संगठन की मजबूती और लोकसभा चुनाव की रणनीति पर की चर्चा।

# निःशुल्क कृत्रिम हाथ एवं पैर लगवाने के लिए दिव्यांगजन कराऐं रजिस्ट्रेशन

सिवनी यशोः- उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी श्री वीरेश सिंह बघेल द्वारा जानकारी दी गई कि जबलपुर घर की पाठशाला और हरि-कृष्णा फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर शिविर का आयोजन किया जाना है, जिसके लिए 30 जनवरी 2024 तक रजिस्ट्रेशन किया जाएगा एवं 09 फरवरी 24 को कृत्रिम हाथ-पैर का नाप लिया जाएगा एवं 13 फरवरी को कृतिम उपकरणों का वितरण किया जाएगा। ऐसे व्यक्ति जिनके पैर कटे हुऐ हैं, ऐसे लोगों की शिविर में जांच परीक्षण कर निःशुल्क आधुनिक पैर ÷गोमती लेग्स÷ लगाए जायेंगे। यह पैर वजन में हल्के और बहुत ही मजबूत है। पैर लगाने के बाद लाभान्वित व्यक्ति सुगमता चल सकता है, दौड़ सकता है, बैठ सकता है, सीढ़िया चढ़ सकता है और साइकल, मोटर साइकिल या कोई भी वाहन चला सकता है।

घर की पाठशाला फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती सोनू भाटिया ने बताया की कृत्रिम पैर लगाने के लिए 9 फरवरी 24 को पैरो का नाप लिया जाएगा एवं 13 फरवरी को कृत्रिम हाथ और पैर लगाए जाएंगे। यह पैर दिव्यांगजनों को निःशुल्क लगाए जायेंगे, जो लोग दूर से पैर लगाने के लिए आयेंगे ऐसे लोगों के रुकने व खाने पीने की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी और साथ में जिन लोगो के हाथ कोहनी से आगे कटे हुवे है और मूल हाथ का कम से कम 4 इंच हिस्सा मौजूद हो ऐसे लोगो को अमेरिका में निर्मित एलएन-4 कृत्रिम हाथ निःशुल्क लगाए जायेंगे। हाथ वजन में हल्के और आधुनिक है, हाथ लगने के बाद दिव्यांग व्यक्ति बहुत से कार्य कर सकता है जैसे की लिखना, च मच पकड़ कर खाना, बाइक कार या साइकिल चलाना, रसोई का काम करना, मजदूरी का काम करना और भी बहुत कुछ रोजमर्रा के कार्य कर सकते है। जो भी दिव्यांग व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन करवाना चाहते है, वो व्हाट्सएप के जरिए इन नंबरों पर संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सोनू भाटिया 8989891139, मोनिका विन्द्रा 9754319862, सोनल परिहार 6268149797, डॉ ऋषि सागर 9407020359, ऋ षभ नामदेव 8839118817 पंजीकरण कराने के लिए कटे हुये पैर और हाथ के साथ फोटो, पहचान पत्र और मोबाइल नंबर देना आवश्यक है।

# राष्ट्रीय कार्यक्रम शौर्य का स मान को देख नम हुई मेजर जनरल जीडी. ब शी की आँखें

## इस कार्यक्रम में आकर मैं अपने आपको गौरान्वित महसूस कर रहा हूँ - जीडी बे शी

**अपनी पत्नी सुनीता ब शी सहित पधारे थे ब शी।**



सिवनी यशोः- सिवनी नगर के हृदय स्थल शुक्रवारी चौक में राष्ट्रीय कार्यक्रम शौर्य का स मान संपन्न किया गया यह कार्यक्रम विगत 15 वर्षों से 26/11 आतंकी हमले की बरसी के रूप में सिवनी के हृदय स्थल शुक्रवारी चौक में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष इस कार्यक्रम को चुनावी दौर के चलते एक माह विलंब से आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मेजर जनरल जीडी बे शी रक्षा विशेषज्ञ भारत एवं विंग कमांडर अफराज जी की गरिमा में उपस्थिति रही।

मेजर जनरल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मातृशक्ति संगठन एवं समस्त नागरिकों का में आभार व्यक्त करता हूं जो कि देश के शहीदें एवं परिजनों एवं सेना के जवानों को इतना मान स मान देते हैं यह संगठन विगत 15 वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन करते चला आ रहा है मैं संगठन की संस्थापिका सीमा चौहान का आभार व्यक्त करता हूं कि जिन्होंने मुझे यह अवसर प्रदान किया मैंने आज तक ऐसा कार्यक्रम नहीं देखा सिवनी आकर मैं अपने आप को बड़ा गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

मेजर जनरल बे शी ने उनके द्वारा किये गए अनेकों एन्टी टेरीरिस्ट ऑपरेशन के बारे में आमजन को सुनाया। बे शी जी ने कहा शहीद परिवार अपनी समस्याओं को मातृ शक्ति संगठन तक मैं उन समस्याओं के निराकरण के लिए रक्षा मंत्रालय तक संगठन के साथ रहूंगा।

उनकी ओजस्वी वाणी के उद्बोधन ने आमजन को भारत माता की जय के जयकारे लगाने को विवश कर दिया।

राष्ट्रीय कार्यक्रम शौर्य का स मान में 20 राज्यों से शहीदों के परिवारों को आमंत्रित किया गया था जिसमें अमर शहीद सुशील कुमार हरियाणा दिनकर नाले महाराष्ट्र निजामुद्दीन अंसारी पंजाब डेविड मालनून मणिपुर प्रभु सहायक की झारखंड पंकज राठौर हरियाणा कर्मवीर सिंह बनाकर मध्य प्रदेश सौरभ शेख गुजरात सतीश कुमार राजस्थान बाबू साहब खुद बंद कर्नाटक गंगाधर पश्चिम बंगाल कालेश्वर नेम छत्तीसगढ़ अशोक कुमार बिहार अक्षय गावते महाराष्ट्र सभी का स मान किया गया।

सिवनी जिले से उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस बल जिसमें सहायक उप निरीक्षक शक्ति सिंह ठाकुर आरक्षक कमलेश रहना डाले प्रधान आरक्षक महेंद्र पद्धति आरक्षक मोहसिन आजमी आरक्षक महेश ठाकरे आरक्षक महेश कोराम का भी स मान किया गया।इस कार्यक्रम में मु य रूप से एनटीपीसी प्रमुख विजय श्रीवास्तव संजय मालू श्रीमती शेफाली अभय दी निगम राज बहादुर सिंह चौहान प्रॉपर्टी डीलर पवन मेहंदी दत्त समाजसेवी प्रोफेसर अरविंद चौरसिया सतीश तिवारी थाना प्रभारी प्रदीप बाल्मिक नवजीवन पवार सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कले टर एवं नगर के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यूथ विंग के द्वारा कार्यक्रम में फौजी के परिवार के परिदृश्य को दिखाती हुई एक नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें दिखाया गया की फौजी के परिवार में भी कितनी समस्याएं होती हैं जवान के शहीद होने वाले हृदय को देखते ही उपस्थित नागरिकों की आंखों में आंसू आ गए। कार्यक्रम में शहीदों से जुड़ी हुई प्रश्नोत्तरी भी रखी गई जिसमें सीमा चौहान द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उपस्थित नागरिकों ने उत्तर दिया उन्हें भी मंच पर स्वयं की रक्षा के लिए हेलमेट उपहार दिया गया कार्यक्रम में विग कमांडर मोहमद अल्फाज द्वारा उपस्थित सभी सहित परिवार जनों को राशि चेक के रूप में प्रदान की गई कार्यक्रम को भव्य बनाने में मातृशक्ति संगठन एवं यूथ विंग समर्पण युवा संगठन का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती सीमा चौहान आराधना राजपूत शुभम परमार द्वारा किया गया । हनी गुप्ता एवं संजय प्रताप सिंह द्वारा देश भक्ति के गीतों का शमा बांधा गया।

इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी छुट्टियां बचाकर रखे फौजी भाई भी देश की सरहदों से आकर शामिल हुए जिनका बे शी के द्वारा हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की सं या में नागरिक देर रात्रि तक उपस्थित रहे। × आर्मी टीम की भी बड़ी सं या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम को गौतम डिजिटल के लाइव प्रसारण से जिले सहित संपूर्ण भारत में लाखों की सं या में व्हाट्सएप एवं यू ट्यूब के माध्यम से अपने घर बैठे देखा गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन संजय सोनी द्वारा किया गया।

# प्रधानमंत्री मत्स्य स पदा योजनान्तर्गत जिला क्रियान्वयन समिति की बैठक स पन्न

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री मत्स्य स पदा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक 26 दिस ?बर 2023 को प्रभारी कले ?टर एवं सी ई ओ जिला पंचायत श्री पंवार नवजीवन विजय की अध्यक्षता में स पन्न हुई। योजना के संबंध में उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी श्री के.एल.मरावी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एक केन्द्र प्रवर्तित योजना है। जिसमें जिले के मत्स्य पालकों / मत्स्य कृषकों को मत?स?य पालन के क्षेत्र में स्वाबल बी व स्वरोजगार स्थापना हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अनुदान सहायता उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाया जाता है। बैठक में सर्वप्रथम 2022-23 में विभिन्न कार्यकमों में उपलब्ध बजट आवंटन एवं उससे लाभांवित हितग्राहियों के बारे में अवगत कराया गया कि वर्ष 2022-23 में योजना के विभिन्न कार्यकम जैसे नवीन तालाब निर्माण एवं इन्पुट्स अनुदान, श्री व्हीलर विथ आईस बॉ स, योजना अंतर्गत प्राप्त आवंटन रूपये 57.86 लाख के व्यय का अनुमोदन समिति द्वारा किया गया। संचालनालय मत्स्योद्योग मध्य प्रदेश भोपाल से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में भारत सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 28 दिस बर 2023 तक प्रस्ताव चाहे गये है। योजनांतर्गत प्राप्त आवेदनों का स्थल निरीक्षण व दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत तालाब निर्माण के 38 हितग्राही, मोटर सायकिल विथ आईस बॉ स के 25 हितग्राही थी व्हीलर विथ आईस बॉ स के 02 हितग्राही, आर0एस0एस0 के 05 हितग्राही, फिश कियोस्क स्थापना हेतु 03 हितग्राही, पोण्ड बायो ?लॉक के 01 हितग्राही तथा जिले की 15 मछुआ सहकारी समितियों के 1149 सकिय सदस्यों को पात्र पाये जाने पर जिला स्तरीय समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये कुल राशि रू. 297.42 लाख (राशि रू. दौ सौ सनतानवे लाख बयालीस हजार) का प्रस्ताव संचालनालय मत्स्योद्योग भोपाल भेजे जाने हेतु अनुमोदन किया गया।

## मु यमंत्री ने पीएससी में चयनित अ यर्थियों को दी बधाई

भोपाल । मु यमंत्री ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2019 में सफलता प्राप्त करने वाले सभी अ यर्थियों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी है। मु यमंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि सफल होने वाले अ यर्थी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ प्रदेश और देश के विकास में सार्थक योगदान देंगे।

# आई टी आई कॉलेज छपारा के विद्यार्थियों ने MNJPL परियोजना का शैक्षणिक भ्रमण किया

छपारा यशोः- नगर के शासकीय आई टी आई कॉलेज छपारा के विद्यार्थियों ने केन्द्र शासन की महत्वाकांक्षी योजना नागपुर- छिंदवाड़ा, -सिवनी- जबलपुर पाइप लाइन परियोजना का शैक्षणिक भ्रमण किया। विदित हो कि भारत शासन की महारत्न क पनी गेल इंडिया द्वारा आर भ की गई उक्त योजना राष्ट्रीय गैस ग्रिड का हिस्सा है। यह परियोजना 1755 किलोमीटर लंबी मुंबई-नागपुर- झारसुगुड़ा पाइप लाइन परियोजना का अभिन्न अंग है जिसे पी एम गति शक्ति मास्टर प्लान के अंतर्गत एक उच्च प्रभाव वाली पहल के रूप में वर्गीकृत किया गया है। यह MNJPL परियोजना मध्यप्रदेश में 256 किलोमीटर तक फैलेगी जो सिवनी, छिंदवाड़ा व जबलपुर जिलो के 144 गाँवों को सेवा प्रदान करेगी। भविष्य में इस परियोजना से प्रदेश के 15 जिलों गैस पहुँच व 26 लाख पी एन जी कने शन होंगे व गैस वितरण कंपनियों द्वारा 550 से अधिक सी एन जी स्टेशनों की स्थापना की जाएगी।निर्माण चरण में लगभग 5 लाख मानव दिवस रोजगार के अवसर सृजित होना स भावित है। कॉलेज प्राचार्य नलिन तिवारी ने देश में ऊर्जा के आधारभूत ढांचे के विकास में इस परियोजना को एक महत्वपूर्ण कारक बताया। परीक्षा प्रभारी सतीश सूर्यवंशी ने बताया कि 12 मीटर लंबे और 12 इंच व्यास के कार्बन स्टील के 70 ग्रेड के पाइप जो लगभग 7.1 द्वद्व थिक है उनकी वेल्डिंग और फिटिंग किस दक्षता के साथ की जा रही है यह देखना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद रहेगा। प्रशिक्षण अधिकारी यशविन ठाकुर ने बताया कि इस आर्क वेल्डिंग में करंट और तापमान को ऐ यूरेसी से नियंत्रित किया जा सकता है ये उपस्थित स्टूडेंट्स ने जाना और समझा। इस परियोजना को मूर्तरूप प्रदान करने वाली एजेंसी के गुणवत्ता इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार और अग्नि सुरक्षा इंजीनियर संजीव पटेल ने उपस्थित स्टूडेंट्स को परियोजना की कार्यप्रणाली व क्रियान्वयन के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। छात्र धर्मेन्द्र राजपूत ने इस शैक्षणिक भ्रमण को ज्ञान वर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। छात्र गौरव भारद्वाज ने कहा इस परियोजना के कार्य को समझना और यहाँ काम सीखना एक गौरवान्वित करने वाली अनुभूति है। इस भ्रमण को सफल बनाने में अमित शर्मा,शैलेन्द्र सिंह ठाकुर,प्रतिभा सोनी का विशेष योगदान रहा।



# "विकसित भारत संकल्प यात्रा" का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच कर शासन की योजनाओं से लाभांवित करना है- केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते

सिवनी यशोः- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्चुअल माध्यम से "विकसित भारत संकल्प यात्रा" अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हुए हितग्राहियों से संवाद किया गया। इसी परिपेक्ष्य में जनपद पंचायत लखनादौन की ग्राम पंचायत मोहगांव खुर्द वन विद्यालय परिसर में केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री के मु य आतिथ्य में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति मालती डहेरिया, प्रभारी कले टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न हितग्राही मूलक विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं बड़ी सं या में आमजनों तथा हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने अपने उद्बोधन में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में संचालित ÷मोदी की गारंटी की गाड़ी÷ (प्रचार रथ) के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान स मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित जनों को दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का %%विकसित भारत संकल्प यात्रा%% के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचकर पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित करने का उद्देश्य है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते द्वारा विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

**"विकसित भारत संकल्प यात्रा" शिविर के दौरान योजनाओं के लाभ से छूटे पात्र हितग्राहियों को किया जा रहा है लाभांवित**



केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य से 26 जनवरी 2024 तक स पूर्ण प्रदेश में चलने वाली %%विकसित भारत संकल्प यात्रा%% प्रचार रथ के माध्यम से नगरीय एवं ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर आमजनों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी प्रदाय कर मौकास्थल पर योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है।

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" स पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित है। बुधवार 27 दिस बर को बरघाट विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पौनारकला, धारनाकला, छपारा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गोरखपुर एवं कुर्सीपार, धनौरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत ऊमरपानी एवं बरेली, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मोहगांव एवं मानेगांव, केवलारी की ग्राम पंचायत रतनपुर एवं खैरी, कुरई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बेलपेठ एवं जोगीवाड़ा, लखनादौन की ग्राम पंचायत सुहागपुर एवं पुरवा तथा सिवनी विकासखण्ड की ग्राम पंचायत जोरावारी, लूघरवाड़ा, एवं छतरपुर पहुंची।

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" के दौरान यात्रा में शामिल प्रचार वाहनों द्वारा एलईडी वाल के माध्यम से ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को मौके में लाभांवित करने की कार्यवाही भी की गई।

यात्रा के दौरान इन योजनाओं का मिलेगा लाभ- विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान स मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएस÷ उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को स मिलित किया गया है।

# राष्ट्रपति महोदय किसानो की समस्याओं को पूर्ण करावे - संयुक्त किसान मोर्चा

सिवनी यशोः- हमारे देश की जनता को मालूम है कि देश के संयुक्त किसान मोर्चा ने किसांनो की मांगों को लेकर 750 किसान दिल्ली के बॉर्डर पर 380 दिन तक आंदोलन करते हुए शहीद हो गए थे तथा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से लिखित समझौता किया था उसके बाद किसान प्रधानमंत्री की बात पर विश्वास करते हुए अपने घरों को आंदोलन को स्थगित करते हुए अपने-अपने घर चले गए थे परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश की केंद्र की की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किसानों के साथ विश्वास घात किया है जिसके कारण अपनी मांगों को लेकर पुनः आंदोलन की योजना बना रहे हैं इसी सिलसिले में पूरे देश में आज 26 दिसंबर को किसानों द्वारा प्रत्येक जिला स्तर पर मीटिंग के और प्रदर्शन करते हुए जिला कले टर के माध्यम से राष्ट्रपति महोदय से अपनी मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन देते हुए मांग कर रहे हैं यदि किसानों की मांगों को पूर्ण नहीं किया जाता है तो देश के किसानों द्वारा पिछले वर्ष जैसे दिल्ली की बॉर्डर पर स्थगित किए गए धरना आंदोलन को फिर से प्रारंभ किया जावेगा।

अतः संयुक्त किसान मोर्चा शिवनी के जिला अध्यक्ष पी आर इनवाती सहित डीडी वासनिक ओम प्रकाश बोर्ड डॉ बी सी ओके किरण प्रकाश अंगद सिंह बघेल सुकून चौधरी धनीराम बंडेवार प्रकाश सिंह बघेल दीपक करोसिया रजनीश सोनटके आदि ने राष्ट्रपति महोदय से कले टर सिवनी के माध्यम से ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि शीघ्र अति शीघ्र किसानों की मांगों को पूरा किया जाए अन्यथा राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत सिवनी में भी देश के किसानों के समर्थन में व्यापक आंदोलन किया जाएगा मोदी सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि आने वाले समय में लोकसभा के चुनाव भी होने वाले हैं उसमें किसानों की भूमिका बीजेपी को सबक सिखाने की रहेगी।

# गीता जयन्ति समारोह का महाप्रसाद वितरण के साथ सानन्द समापन




सिवनी यशोः- जो अपने साथ साथ दूसरों का भी कल्याण करता है वह परमयोगी है, सबको अपनी आत्मा मानलो तो किसी का किसी से बैर नही होगा।

उक्ताशय के उद्गार गीता मनीषी पूज्य निर्विकल्प स्वरूप जी के मुखारविंद से सप्तदिवसीय श्रीमद्भगवद्गीता जयन्ति के विश्राम दिवस पर प्रवाहित हुए। गीता प्रवचन माला की श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि द्वैत बुद्धि के द्वारा दूसरे का तिरस्कार होता है लेकिन जहाँ अद्वैत बुद्धि आ जाए तो सबमे अपनत्व की भावना आ जाती है।खाते समय किसी दिन यदि अपनी जवान कट जाए तो कोई भी हथौड़ी लेकर दांत तोड़ने नही बैठ जाता योकि वहाँ अपनत्व है अद्वैत है, इसी तरह प्राणिमात्र में अद्वैत बुद्धि जगाने के लिए अर्जुन को माध्यम बनाकर भगवान ने भगवद्गीता सुनाया। चंचल मन को अ यास और वैराग्य के द्वारा वश में लाया जा सकता है।शास्त्रों का बार बार पठन श्रवण मनन निदिध्यासन करना ही अ यास है।वैराग्य से अभय की प्राप्ति होती है।इस प्रसङ्ग को विस्तार देते हुए पूज्य ब्र हचारीजी ने गणेश गीता का उल्लेख कर बताया कि भगवान गणेश ने राजा वरेण्य को मन को वश में करने के लिए पांच बाते बताई जिसमे पहला अतिदु खम अर्थात अत्यधिक दुःख आ जाने पर मन में वैराग्य उत्तपन्न हो जाता है।दूसरा वैराग्यम मतलब संसार से हटकर मन ईश्वर में लग जाए।तीसरा भोगो से वितृष्णा याने भोगो की इच्छा न हो तो मन शांत हो जाता है। चौथा गुरुः प्रसादः अर्थात सद्गुरु यदि कृपा करदें तो मन शांत हो जाता है। पांचवा सत्संगः याने सत्संगी व्यक्ति का मन दुस्सङ्गि की अपेक्षा ज्यादा शांत रहता है इसलिए हमे सत्संग करना चाहिए, कृष्ण की चर्चा सुनना चाहिए, जो भक्तो के दोषो को कर्षण करके निर्मल बना अपना लेते हैं उन्हें कहते हैं कृष्ण।जिसकी एकमात्र सत्ता है और आनन्द स्वरूप है वह है कृष्ण।

ब्र हचारीजी ने आगे बताया कि सबसे बड़ा दोष है अज्ञान जिसे ज्ञान के द्वारा दूर किया जाता है।गीता आत्मविद्या है इसी को ब्र हविद्या भी कहते हैं,उन्होंने बताया कि योगभृष्ट पुरुष का कभी नाश नही होता शंकराचार्य जी के अनुसार नाश का मतलब हीन जन्मों की प्राप्ति।योगभृष्ट पुरष स्वर्गादि उत्तम लोको में बहुत वर्षो तक निवास करके पुनः शुद्ध आचरण वाले श्रीमानों के घर जन्म लेते हैं।और जहाँ से उनकी साधना छुटी थी दूसरे जन्म में अनायास ही उसका मन उस और आकृष्ट होकर पिछले जन्म में जो कमियां रह गई थीं उन्हें दृढ़ता से दूर कर साधना करके अपने लक्ष्य परमसिद्धि को प्राप्त कर लेता है।ब्रह्मचारी जी ने बताया जैसे राजा भरत अंत समय में हिरण का ध्यान करने से हिरण और उसके बाद ब्रा हण बने किन्तु अपने पूर्व जन्म का ज्ञान भूले नही।भगवान ने अच्छे कार्य करने वालों के लिए पुरुस्कार स्वरूप स्वर्ग और बुरे कार्य करने वालो के लिए दण्ड स्वरूप नर्को का निर्माण किया है।अंत सुधरा तो सब सुधर जाएगा।ब्र हचारीजी ने आगे बताय कि आत्म तत्व को जाने बिना शास्त्रों के पढ़ने का कोई मतलब नही।जो भगवान का साक्षात्कार कर लेता है वही योगी है।जो श्रद्धावान है भजन करता है भगवान को आत्मरूप से जानकर उनमे मन लगाता है भगवान कहते हैं वह मुझे परम प्रिय है।आत्मसंयम का उपदेश भगवान ने स्वयं दिया है मन पर नियंत्रण कैसे किया जाता है वही मार्ग भगवान ने यहाँ बताया है।जीवन में आने वाली समस्याओं को भी भगवदस्वरूप देखने पर वे समाधान में परिवर्तित हो जाती हैं इस बात को ब्र हचारीजी ने एक दृष्टान्त के माध्यम से समझाया कि एक बार कोई सन्यासी किसी गाँव के बाहर एक वृक्ष नीचे ठहर गए वहाँ से गुजर रहे एक वक्ति ने बताया कि इस पेड़ पर एक भयंकर प्रेत रहता है इसलिए आप यहाँ रात्रि में नही रुकना,सन्यासी ने हा तो कह दिया लेकिन भजन करने बैठा तो कब रात गहरी हो गई उन्हें समय का पता ही न चला चारो ओर घना अँधेरा हो चुका था उन्हे याद आया यहाँ तो प्रेत रहता है वह नही आया,उसने जैसे ही सोचा वहाँ वह प्रेत प्रकट हो गया अब या था उन्होंने उसे ही भगवान का रूप मानकर उसकी प्रार्थना स्तुति करनी प्रार भ कर दी प्रेत जितना ज्यादा डराए वह और ज्यादा भजन करने लगे ऐसा करते करते सुबह हो गई आखिर में प्रेत को ही वहाँ से जाना पड़ा और सन्यासी भी अपने गन्तव्य की ओर चले गए। जहाँ कही भी रहो सभी कर्मो को भगवान को समर्पित करके निश्चिंत हो जाओ सब कुछ भगवान की प्रसन्नता के लिए करो तो सारे कर्म बन्धन छूट जाएंगे। यह भगवान की वाणी है जिसे आत्मसाध करके मनुष्य अपना कल्याण कर सकता है। इसी के साथ आज गीता जयन्ति समारोह आनंद पूर्वक स पन्न हुआ परम् पूज्य ब्र हचारीजी ने गीता पराभक्ति मण्डल और श्रोताओं को साधुवाद आशीर्वाद दिया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा: हितग्राहियों ने साझा किए अपने अनुभव

### दिलाई गई भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ

मंडला यशोः- विकसित भारत संकल्प यात्रा 27 दिसंबर को बिछिया विकासखंड के ग्राम नेवसा भपसा एवं दानीटोला, बीजाडांडी में बरोंची एवं पिंडरई माल, मवई में चंदवारा रैयत एवं अंजनी, मोहगांव में मलवाथर एवं कु हर्रा, नैनपुर में अलीपुर एवं धतुरा, नारायणगंज में कोंडरा माल एवं चिरईडोंगरी तथा मंडला में गोंझीमाल एवं साल्हेडंडा पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके का प्रथम मण्डला आगमन आज, भाजपा ने की भव्य स्वागत की तैयारी

**जिले की सीमा क्षेत्र डोभी में कार्यकर्ता करेंगे अगवानी, मंडला नगर में स्वागत रैली एवं सभा आयोजित. जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी**



मंडला यशोः- विधायक श्रीमती संपतिया उइके का मप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने के पश्चात 29 दिसंबर, शुक्रवार को जिले में प्रथम आगमन होने जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा उनके भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जबलपुर से आगमन के दौरान जिले की सीमा में श्रीमती उइके की अगवानी करेंगे। इसके पश्चात मंडला आगमन के दौरान रास्ते भर जगह जगह स्थानीय मंडल के कार्यकर्ता एवं आमजन संपतिया उइके का स्वागत करेंगे। मंडला नगर में प्रवेश के पूर्व कटरा बायपास पर जिला एवं नगर के कार्यकर्ता संपतिया उइके का भव्य स्वागत किया जायेगा। जहां से स्वागत रैली प्रार भ होगी। रैली का नगर के प्रमुख स्थलों पर स्थानीय लोग उनका स्वागत करेंगे। नगर भ्रमण उपरांत चौपाटी के नजदीक स्वागत रैली का समापन होगा।

भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी एवं जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार की उपस्थिति में कार्यक्रम को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी ने कहा कि मध्यप्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भाजपा नेत्री एवं मंडला विधायक श्रीमती संपतिया उइके को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया है। यह पहला अवसर है जब जिले के जनप्रतिनिधि को केबिनेट मंत्री पद से नवाजा गया है। इसके लिए उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति जिला भाजपा की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार में मण्डला विधायक श्रीमति संपतिया उइके को केबिनेट मंत्री बनाये जाने से समूचे क्षेत्र के कार्यकर्ता पदाधिकारी सामाजिक कार्यकर्ता मतदाता गौरवान्वित हैं। उनके आगमन को लेकर ना केवल विधानसभा में बल्कि संपूर्ण जिले में उत्साह और उमंग का वातावरण है। इसलिए शपथ ग्रहण करने के पश्चात जिले में प्रथम आगमन पर उनके भव्य स्वागत किये जाने की तैयारी की गई है।

श्री द्विवेदी ने कहा कि 29 दिसंबर को प्रातः 11 बजे मण्डला जिले की सीमा क्षेत्र के ग्राम डोभी से स्वागत रैली आरंभ होकर उदयपुर, बीजाडांडी, खूंटापडाव, कालपी, कुडामैली, टिकरिया, कू हा, लालीपुर, भावल, मंगलगंज, ग्वारी, फूलसागर, तिंदनी, गाजीपुर के पश्चात कटरा बायपास पहुंचेगी। यहां मण्डला ग्रामीण, मण्डला नगर एवं अन्य क्षेत्रों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्वागत रैली में शामिल होकर श्रीमति उइके का आत्मीय स्वागत अभिवादन करेंगे। त तत्पश्चात स्वागत रैली ग्राम पंचायत कटरा, बिंझिया होते हुए नगर के सभी प्रमुख मार्गो से निकलेगी। यहां जगह-जगह मण्डला नगर भाजपा द्वारा स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारी संगठनों द्वारा स्वागत किया जायेगा। तत्पश्चात मण्डला नगर के चौपाटी के सामने स्वागत रैली पहुंचेगी, यहां पर आयोजित धन्यवाद सभा में उपस्थित होकर केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके एवं अन्य जनप्रतिनिधि आम जनता को संबोधित करेंगे। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन भाजपा जिला कार्यालय में होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने जिले के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया है।

## श्रमिकों के बच्चों के लिये उपलब्ध है श्रमोदय विद्यालय

**चार संभागों में संचालित है विद्यालय**

बालाघाट। जिला श्रम पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया है कि आयु त लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा श्रमिकों के बच्चों के लिये श्रमोद्याल उपलब्ध है। यह विद्यालय राज्य के चार संभाग भोपाल, इंदौर, जबलपुर व ग्वालियर में संचालित है। इन विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रत्येक विद्यालय से 160 तथा कुल 640 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है। विद्यालय में छात्र छात्राओं को सुविधाएँ भी उपलब्ध की गई है।विद्यालय में मिलने वाली सुविधा इन विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित अध्यापन कार्य कराया जाता है, छात्र-छात्राओं के लिए उच्च कोटि की और पृथक-पृथक आवास व्यवस्था होती है, इनमें छात्रों के लिए पुरुष वार्डन एवं छात्राओं के लिए महिला वार्डन होते हैं, छात्र-छात्राओं का पृथक-पृथक मेस होता है इनमें निर्धारित मेन्यू के अनुसार स्वादिष्टएवं गुणवत्ता युक्त नाश्ता भोजन प्रदाय किया जाता है। विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य की देखभाल के लिये पृथक-पृथक महिला एवं पुरुष चिकित्सक की व्यवस्था होती है एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाता है जिसके लिये विद्यालयों को स्वास्थ्य सेवा प्रदायकर्ता चिकित्सालय से विधिवत अनुबंध किया जाता है। विद्यालयों द्वारा निशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं निशुल्क गणवेश प्रदाय किया जाता है। संपूर्ण विद्यालय की सफाई एवं सुरक्षा की जि मेदारी आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है एवं सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे भी उपलब्ध कराये गए है। पाठ्येत्तर गतिविधियों के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। विद्यालय में स्मार्ट लास के माध्यम से अध्यापन कार्य कराया जाता है एवं गुणवत्ता युक्त क प्यूटर एवं अन्य प्रयोगशालाएँ भी उपलब?ध करायी गई है। उत्तम परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालयों में कार्य योजना बनाकर निदानात्मक गतिविधियों एवं रात्रि कालीन कक्षाएँ संचालित होती है। 10 छात्र-छात्राओं के प्रगति प्रतिवेदन के लिए समय-समय पर पालक शिक्षक सगोष्ठी का आयोजन किया जाता है तथा ठण्ड के मौसम में छात्र-छात्राओं को सोलर पैनल्स के माध्यम से गर्म पानी भी प्रदाय किया जाता है।

## पंचायत उप निर्वाचन वर्ष- 2023 कार्यों के लिए से टर अधिकारी नियुक्त

सिवनी यशोः- पंचायत उप निर्वाचन वर्ष- 2023 कार्यों के निष्पादन हेतु कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिवनी ने जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत बखारी, चारगांव समनापुरमाल जमुनिया सागर एवं ओरिया रैयत के लिए श्री प्रफुल्ल घोडेश्वार, सहायक संचालक, कार्यालय उपसंचालक कृषि सिवनी को से टर अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह ग्राम पंचायत चंदौरीकला, छिंदग्वार, मनौरी, हिनोतिया, मारवोडी एवं जैतपुर के लिए श्री महेन्द्र धार्णे उपयंत्री लोक निर्माण विभाग विद्युत से शन सिवनी, ग्राम पंचायत दुकली, बांकी, जुरतरा, बिहिरीया के लिए श्री आशीष नोएल, प्रबंधक, कार्यालय जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र सिवनी, ग्राम पंचायत मुंगवानी खुर्द, भाटीवाडा, कमकासुर, जैतपुरकला, संगई, पुसेरा के लिए श्री अजीज खान, उपयंत्री लोक निर्माण विद्युत से सन, ग्राम पंचायत जाम, कन्हरगांव, भाटीवाडा, हथनापुर, पिपरिया, मडवा के लिए श्रीमति दिसी बहोरे उपयंत्री लोक निर्माण विभाग से सन सिवनी, ग्राम पंचायत उमरिया के लिए श्री शशांक शेखर सिंह ठाकुर परियोजना अधिकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण- 2 सिवनी एवं ग्राम पंचायत तिघरा , कोठिया ,दिघोरी ,भोंगाखेडा , गरठिया, नरेला के लिए श्री अभिषेक प्रधान प्रबंधक जल निगम सिवनी को से टर अधिकारी नियुक्त किया है।

## सचिव विपणन संघ त्रिपाठी ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**जेएसके बैंक में हुई अधिकारियों की बैठक**



बालाघाट। धान उपार्जन वर्ष 2023-24 अंतर्गत बालाघाट जिले में हो रहे धान उपार्जन को लेकर मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार विपणन संघ भोपाल सचिव यतीश त्रिपाठी द्वारा 28 दिसंबर को खापा, कटंगी अंतर्गत खरीदी केंद्रों के अलावा अन्य खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। श्री त्रिपाठी ने बताया कि उनके द्वारा खरीदी केंद्रों में उपस्थित कृषकों से चर्चा की गई साथ ही उपार्जन नियमो के अनुरूप ही धान खरीदी के निर्देश सबंधितो को दिए गए। श्री त्रिपाठी द्वारा धान की गुणवत्ता की जांच करते हुए उपार्जन प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आवश्यकता अनुसार छन्ने का उपयोग करे और नमी मापक यंत्र से धान की नमी का परीक्षण उपरांत मापदंड के अनुसार ही धान खरीदी किया जावे।

इसी तारता य में बैंक मु यालय पहुंचे श्री त्रिपाठी द्वारा बैंक सीईओ आर.सी. पटले, डीएमओ हिरेंद्र रघुवंशी, प्रबंधक लेखा पी. जोशी, बैंक विपणन अधिकारी राकेश असाटी, फील्ड अधिकारी राजेश नागपुरे, डीडीए राजेश खोबरागड़े की उपस्थिति में धान खरीदी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली गई। इस अवसर पर बैंक सीईओ श्री पटले द्वारा श्री त्रिपाठी को अवगत कराया गया कि जिले में 185 उपार्जन केंद्र बनाए गए है जिसमे खरीदी का कार्य किया जा रहा है। जिले के 117596 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है जिसमे से 72188 किसानों ने स्लॉट बुक करा लिया है जबकि 42394 किसानों से 2061632.82 क्विंटल धान की खरीदी की गई है जिसकी राशि 450 करोड़ 5 लाख है। इस दौरान परिवहन, ऋण प्रविष्ठि, वसूली, हमाल, ईपीओ, सफल और असफल भुगतान, बारदाने आदि विषयो पर विस्तृत चर्चा की गई।

## वीर बल दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन



मंडला यशोः- किशोर न्याय एवं बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम के तहत संचालित आदर्श बालगृह (बालक) लालीपुर मण्डला में सि खों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह के बेटों की वीरता और बलिदान की याद में 26 दिस बर को वीर बाल दिवस के अवसर पर विविध गतिविधियां निबंध, चित्रकला, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण, स्वच्छता, लघु फिल्म एवं प्रधानमंत्री के द्वारा भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम लाईव प्रसारण सभी बालकों को दिखाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मण्डला के निर्देशन में बाल संरक्षण अधिकारी रीतेश बघेल, सौरभ पटवा एवं अधीक्षक बालगृह द्वारा प्रतियोगिता में स मिलित प्रतिभागियों को पुरुस्कृत कर स मानित करते हुये उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## बस और डंपर की सीधी भिडंत बस में लगी आग 13 लोग जिंदा जले 15 घायलों का उपचार जारी

गुना - मध्यप्रदेश के गुना जिले में एक डंपर और यात्री बस की टक्कर के बाद बस में आग लग गई जिसमें 13 यात्रियों की जलने से मौत हो गयी और लगभग 15 व्यक्ति घायल है । मौके पर मौजूद लोगों की मानें तो बस टक्कर के बाद इतनी भयानक आग लगी कि यात्रियों को बचाने के लिये बस के पास जाना संभव नहीं था । एसपी विजय खत्री ने भी इसकी पुष्टि की है। बुरी तरह झुलसे लोगों को अस्पताल लगाया गया है। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की सं या बढ़ सकती है। घटना की जानकारी मिलने पर प्रदेश के मु यमंत्री ने गुना पहुँचकर घायलों की हालत देखी एवं मृतको के परिजनों को ढाढस बंधाते हुये कहा है कि सरकार उनके दुःख के शामिल है । घायलों के बेहतर उपचार के लिये उन्होने चिकित्सीय अमले को निर्देश दिया है ।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुना जिले में हुई बस दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। घटना के सभी बिंदुओं पर जांच कराई जाएगी। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस तरह की दुर्घटनाओं की पुनर्रावृत्ति न हो। मु यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन को बस दुर्घटना में मृतकों के परिवार को 4-4 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार बुधवार की रात में बस गुना से आरोन की तरफ जा रही थी। रात करीब साढ़े 8 बजे गुना जिले में डंपर से टकराने के बाद बस पलट गई और उसमें आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो 13 लोगों की आग में जिंदा जलने से मौत हो गई। कई लोग घायल हुए हैं। आसपाल के लोगों ने जान जोखिम में डालकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। आरोप लगाया जा रहा है कि गुना और आरोन से घटना के एक घंटे बाद तक एंबुलेंस नहीं पहुंची थी। बस में आग लगने की घटना के बाद मौके पर जाम के हालात बन गए। पुलिसकर्मी लोगों की भीड़ हटाते रहे।

## हितग्राहीमूलक योजनाओं में सकारात्मक रूख अपनाएं बैंकर्स - श्रेयांश कूमट

**डीएलसीसी की बैठक में प्रभारी कले टर के निर्देश**




मंडला यशोः- डीएलसीसी की बैठक में प्रभारी कले टर श्रेयांश कूमट ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के प्रकरणों में बैंकर्स सकारात्मक रूख अपनाते हुए उन्हें नियमानुसार स्वीकृति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप स्वरोजगार संबंधी योजनाओं के तहत प्राप्त प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान करते हुए उनमें ऋण वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। संबंधित विभागों के अधिकारी प्रकरणों का लगातार फॉलोअप करें तथा आवश्यकतानुसार दस्तावेजीकरण में सहयोग प्रदान करें। जो प्रकरण निरस्त हुए हैं उनकी पुनः जांच करें। बैठक में रिजर्व बैंक के एलडीओ सरवन शिवन, एलडीएम सुजय कुमार, प्रबंधक नाबार्ड देवव्रत पाल सहित संबंधित उपस्थित रहे।

श्री कूमट ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में बैंकर्स सक्रिय सहभागिता करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित करें। योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रभारी कले टर ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत लंबित प्रकरणों का 31 दिसंबर तक निराकरण सुनिश्चित करें। स्वीकृति के साथ ही राशि वितरण की कार्यवाही करें। जो हितग्राही 20 हजार तथा 50 हजार के लिए पात्र हो चुके हैं उनके प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करें। उन्होंने आचार्य विद्यासागर, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम, उद्यम क्रांति योजना, बिरसामुंडा स्वरोजगार योजना, टंटया मामा आर्थिक कल्याण, संत रविदास स्वरोजगार योजना, भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी कले टर ने बैंकवार जमा एवं अग्रिम अनुपात पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन बैंकों का सीडी रेशियो जिले के अनुपात से कम है वे प्रगति लाएं। साथ ही सीडी रेशियो बढ़ाएं।

**हर परिवार को केसीसी से जोड़ें**

प्रभारी कले टर श्रेयांश कूमट ने कहा कि प्रत्येक परिवार को पात्रतानुसार केसीसी से जोड़ने का प्रयास करें। प्रत्येक किसान, मछुआरे तथा पशुपालकों के पात्रतानुसार केसीसी बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंक शाखावार लंबित केसीसी प्रकरणों की जानकारी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। प्रभारी कले टर ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम में वितरण की गति बढ़ाएं। कृषि ऋण को प्रोत्साहित करें।

## सूचना की जांच कर धान चोरी पकड़ी उपार्जन संबंधी अनियमितताओं पर, देर रात निगरानी पर निकला अमला



बालाघाट। कले टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में धान उपार्जन स बन्धी सूचना के आधार पर जांच कर धान चोरी का खुलासा किया गया है। खाद्य निरीक्षक श्री सुनील किरार ने बताया कि बुधवार देर शाम को धान परिवहन में चोरी की सूचना सामने आयी थी। सूचना के आधार पर एसडीएम वारासिवनी सुश्री कामिनी ठाकुर के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य और मंडी अमले ने मौका स्थल पर पहुँच कर जाँच की। जांच में पाया गया कि विपणन संघ बालाघाट से अनुबंधित परिवहनकर्ता कामा या इंटरप्राइजेज द्वारा वारासिवनी से टर एवं मेसर्स राजेश अग्रवाल द्वारा से टर किरनापुर, लांजी का शासकीय धान परिवहन का कार्य किया जाता है। परिवहनकर्ताओं द्वारा शासकीय धान के परिवहन में अनियमितता पायी गई। मौके पर प्रकरण तैयार किया गया। इस जांच के बाद 14 बोरी धान को उपार्जन केंद्र प्रभारी खापा की अभिरक्षा में दिया गया।परिवहन के दौरान सड़क के किनारे फेंक जाते थेजांच के दौरान सूचना के आधार पर दल ने मौके पर सड़क के किनारे झाड़ियो एवं खेतो में खरीफ उपार्जन वर्ष 2023- 24 के स्टेंसिल लगे धान से भरे बारदाने पाये। बारदानो में नीले रंग के धागे से सिलाई एवं उपार्जन केन्द्रों की पर्चिया लगी पायी गयी, जिसमे 2 बोरिया उपार्जन केंद्र बोरगांव किन्ही (किरनापुर), 6 बोरिया उपार्जन केंद्र गर्रा (वारासिवनी), 6 बोरिया उपार्जन केंद्र मिरिया (लांजी) की पायी गयी। मौके पर उपार्जन केन्द्रों से संपर्क करने पर पाया गया कि उपार्जन केन्द्र बोरगांव ( किन्ही ), मिरिया, गर्रा की धान परिवहन की मैपिंग खापा कैप से की गयी थी। उपार्जन केन्द्रों से धान लोड कर ट्रक खापा कैप गये थे।इसी तरह यहां भी ऐसे ही काम पाया गयाबोरगांव, किन्ही व गर्रा की तरह ही ठीक ऐसा ही मामला मेहंदीवाडा स्थित लक्ष्मी राइस उद्योग की जांच पर पाया गया जिसमें राइस मिल के परिसर में खाली धान के लगभग 175 बारदाने रखे पाये गये। मौके पर बारदानो की जांच करने पर खाली बारदानो में खरीफ उपार्जन वर्ष 2023-24 के स्टेंसिल लगे, नीले रंग के धागे की सिलाई के अवशेष एवं उपार्जन केन्द्र बहेगाँव (लालबर्रा) की पर्चिया लगी पायी गयी। जांच में पाया गया कि लक्ष्मी राइस उद्योग के द्वारा कस्टम राइस मिलिंग हेतु खरीफ उपार्जन वर्ष 2023-24 में उपार्जन केंद्र पिंडकेपार एवं झालीवाडा की धान का उठाव कर मिलिंग करने के लिए विपणन संघ बालाघाट से अनुबंध किया गया था। जिसके अनुसार मिलिंग कर चावल जमा कर दिया गया है, मौके पर लक्ष्मी राइस उद्योग संचालक से उपार्जन केन्द्र बहेगाँव (लालबर्रा) की पर्चियॉ व खाली बारदानो के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नही दिया गया। मौके पर बारदानो को अभिरक्षा में लेकर प्रकरण तैयार किया गया।वहीं उपार्जन केंद्र बिनोरा, किरनापुर, बडगांव एवं वारा का निरिक्षण करने पर पाया गया कि किसानो द्वारा स्वयं बारदानो में धान भरी जा रही थी। किसानो द्वारा मौके पर बताया गया कि उपार्जन केन्द्रों में पर्याप्त सं या में ह मालो की व्यवस्था उपार्जन केन्द्रों द्वारा नही की गयी है मौके पर बारदानो में लगी पर्चियों में किसान कोड अंकित नही पाया गया। इस अनियमितताओ के कारण मौके पर पंचनामा बनकर केंद्र प्रभारियो के विरूद्ध प्रकरण तैयार किया गया, और तुरंत ही सर्वेयर को निर्देशित किया गया कि वे किसानो से एफऐ यू धान की खरीदी करे एवं गुणवत्ता युक्त धान के संबंध में किसानो को अवगत कराये। उपार्जन केंद्र प्रभारी एवं वेअरहाउस को निर्देशित किया गया कि किसानो से खरीदी के पश्चात हैंडलिंग चालान, स्वीकृति पत्रक समय सीमा में बनाये जाये जिससे किसानो को भुगतान किया जा सके ।जांच दल में ये थे शामिलएसडीएम ठाकुर द्वारा गठित संयुक्त जांच दल में नायब तहसीलदार वारासिवनी श्रीमती मंजुलता महोबिया, थाना प्रभारी वारासिवनी श्री शंकरलाल चौहान, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी वारासिवनी श्री सुनील किरार, मंडी उपनिरीक्षक एवं श्री मनोज पटले द्वारा मेहंदीवाडा से खापा मार्ग में जांच की गयी।

## बोरियों में भरा 630 किलों महुआ लाहन जब्त



बालाघाट। जिले में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रही है। गुरुवार को आबकारी वृत बालाघाट के द्वारा ग्राम पीपरटोलासुर के जंगल मे नाला किनारे अलग-अलग स्थानों से बोरियो में भरा हुआ लगभग 630 किलो महुआ लाहन जप्त कर 02 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। से पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 63000/-रूपये है। इस कार्यवाही मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस डी सूर्यवँशी वृत प्रभारी, उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल, आरक्षक सुरेंद्र गजभिए लखन चौधरी आरिफ खान स्वाति पटले उपस्थित रहे।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297